वर्ष– 02 अंक– 273
छपरा
20 अगस्त बुधवार
2025
पृष्ठ – 04

दैनिक
# खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में राधाकृष्णन का स्वागत; पीएम मोदी ने विपक्ष से की समर्थन की अपील



**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का मंगलवार को सत्तारूढ़ दल के सांसदों की एक बैठक में अभिनंदन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कई सहयोगियों सहित उनके शीर्ष नेताओं ने राधाकृष्णन का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी नेताओं खासकर विपक्ष से राजग उम्मीदवार के लिए समर्थन मांगा। राधाकृष्णन बुधवार को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों वाले निर्वाचक मंडल में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास पर्याप्त बहुमत होने की वजह से विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर से अपना उम्मीदवार उतारने और चुनाव लड़ने के संकेत मिलने के बावजूद राधाकृष्णन की जीत तय मानी जा रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता राधाकृष्णन (67) वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वे मूलतः तमिलनाडु से आते हैं।

### विपक्ष की ओर से बी. सुदर्शन रेड्डी होंगे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, 21 अगस्त को करेंगे नामांकन



नई दिल्ली,एजेंसी। इंडी गठबंधन ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर मंगलवार को इंडी गठबंधन के घटक दलों की बैठक के बाद इसका औपचारिक ऐलान किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने इस अवसर पर कहा कि बी. सुदर्शन रेड्डी देश के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीश, गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में लंबा और उत्कृष्ट कार्य किया है। खरगे ने कहा कि रेड्डी हमेशा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के पक्षधर रहे हैं। वह एक साधारण परिवार से आते हैं और उनकी कई ऐतिहासिक न्यायिक टिप्पणियां गरीबों और वंचितों के पक्ष में रही हैं। उन्होंने संविधान और मौलिक अधिकारों की रक्षा में अहम भूमिका निभाई है।

मुंबई में आफत की बारिश



## सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित स्कूल-कॉलेज समेत सरकारी कार्यालय बंद



**मुंबई,एजेंसी।** मुंबई में मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश की वजह से कई निचले इलाके जलमग्न हो गए। इससे सड़क यातायात, हवाई सेवाएं, लोकल ट्रेन और रेल सेवाएं धीमी हो गईं। बारिश की वजह हुए जलभराव समेत अन्य कारणों की वजह से महानगर और आसपास के इलाकों में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। शहर के नगर निकाय ने कहा कि सरकारी और अर्ध-सरकारी कार्यालय मंगलवार को बंद रहेंगे। निजी प्रतिष्ठानों से अपील की गई है कि वे अपने कर्मचारियों को घर से काम करने दें और अनावश्यक यात्रा से बचें।

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने मंगलवार सुबह एक बयान में शहर और उपनगरों में लगातार हो रही भारी बारिश और आईएमडी की ओर से जारी रेड अलर्ट चेतावनी के मद्देनजर एहतियाती उपाय के तौर पर बंद की घोषणा की। बयान में कहा गया है कि यह निर्णय आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी बीएमसी कार्यालयों और सरकारी प्रतिष्ठानों पर लागू होता है।

लगातार हो रही बारिश और आईएमडी द्वारा जारी रेड अलर्ट की चेतावनी के मद्देनजर स्कूल और कॉलेज भी बंद कर दिए गए हैं। आईएमडी ने मंगलवार को मुंबई और आसपास के जिलों में कुछ जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मुंबई पुलिस ने निवासियों से अपील की है कि वे केवल आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। पुलिस ने निजी क्षेत्र से भी घर से काम करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

इंडिगो समेत कई एयरलाइंस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। इंडिगो एयरलाइंस ने ट्वीट में लिखा, मुंबई में भारी बारिश के कारण हवाई अड्डे के कई मार्गों पर जलभराव और यातायात धीमा हो गया है। इसके कारण परिचालन संबंधी चुनौतियां पैदा हुई हैं, जिससे प्रस्थान और आगमन दोनों में देरी हो रही है।

### कुल्लू में बादल फटा, 3 दुकानें बहीं : स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी शिमला में लैंडस्लाइड की चपेट में आए तीन सरकारी आवास



**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला में बीती रात से जारी बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है। कुल्लू की लग वैली में रात 1 बजे बादल फटने से 3 दुकानें बह गईं। इसका पानी जब कुल्लू बाजार पहुंचा तो सरवरी नदी ने तबाही मचाई। भूतनाथ के पास सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। कुल्लू में भारी बारिश को देखते हुए डीसी तोरुल एस रवीश ने कुल्लू और बंजार सब डिवीजन के सभी स्कूल, कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्रों में आज छुट्टी घोषित कर दी है। मंडी के पधर में भी सभी स्कूलों में आज शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टी कर दी गई है। मंडी की चौहारघाटी में दो मछली फॉर्म को भी भारी नुकसान हुआ है। शिमला के रामचंद्रा चौक के पास भी तीन सरकारी आवास लैंडस्लाइड की चपेट में आ गए। इसके बाद प्रशासन ने रात में 35 से 40 लोगों को सुरक्षित दूसरी जगह पहुंचाया। छोटा शिमला के रिजेंसी होटल के पास देवदार का बड़ा पेड़ घर की छत पर गिर गया।

### केरल हाईकोर्ट में बदबू की वजह से कार्यवाही स्थगित

#### जंगली जानवर ने पेशाब की थी, जाल बिछाने पर पकड़ा गया

तिरुवनंतपुरम,एजेंसी। कोच्चि में मंगलवार सुबह केरल हाईकोर्ट में कार्यवाही बदबू की वजह से रोकनी पड़ी। ये बदबू अदालत की फॉल्स सीलिंग में घुसे सिवेट (जंगली जानवर) के पेशाब करने से आ रही थी।

अदालत सूत्रों के मुताबिक, बदबू इतनी तेज थी कि मुख्य न्यायाधीश नितिन जमदार और जस्टिस बसंत बालाजी की डिवीजन बेंच ने सभी मामलों को स्थगित कर दिया। अदालत की कार्यवाही सिर्फ 20 मिनट चली और फिर कमरे को बंद कर दिया गया।

### अजीत डोभाल से मिले चीनी विदेश मंत्री

**सीमा पर शांति और पीएम मोदी की चीन यात्रा को लेकर हुई बात**

नई दिल्ली,एजेंसी। भारत दौरे पर आए चीनी विदेश मंत्री वांग यी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के बीच मंगलवार को अहम बैठक हुई। इस दौरान डोभाल ने कहा कि सीमा पर शांति और सौहार्द बना हुआ है। मुझे उम्मीद है कि विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता सफल होगी। हमारे प्रधानमंत्री एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन का दौरा करने वाले हैं। इसलिए आज की वार्ता बहुत महत्वपूर्ण है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक के दौरान एनएसए अजीत डोभाल ने कहा, एक सकारात्मक रुख देखने को मिला है। सीमा पर शांति है। सौहार्द बना हुआ है।

बिहार में वोटर अधिकार यात्रा

## राहुल गांधी की गाड़ी के नीचे आया जवान, पुलिसकर्मियों ने निकाला


**विरोध कर रहे भाजपा नेताओं को राहुल की फ्लाइंग किस**



**नवादा,एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मतदाता अधिकारी यात्रा का सोमवार को दूसरा दिन है। उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव भी हैं। दोनों आज औरंगाबाद जा रहे हैं, जहां राहुल गांधी एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी लगातार चुनाव आयोग और भाजपा पर वोट चोरी के गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

यात्रा के दौरान, मतदाता अधिकार यात्रा की सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी को नवादा में कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव को ले जा रहे वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिसकर्मी को वहां मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों ने बचाया और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उसका हालचाल पूछा। बता दें कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नेता दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ बिहार पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री दीपिका पांडे सिंह के अलावा कम से कम आधा दर्जन विधायक और कार्यकारी अध्यक्ष समेत कई पार्टी कार्यकर्ता नवादा में राहुल गांधी की रैली में शामिल हुए। ये सभी वोट अधिकार यात्रा में शामिल होने बिहार आए हैं।

## उपलब्धि : अब भारत की पोषण पद्धति अपनाकर दुनिया जीतेगी टीबी के खिलाफ जंग; झारखंड में मिले बेहतर नतीजे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने तपेदिक (टीबी) के उपचार के लिए भारत की पोषण आधारित पद्धति को मान्यता दी है, जिसका सफल परीक्षण झारखंड के 10 हजार से अधिक परिवारों पर किया गया था। डब्ल्यूएचओ ने कहा, भारत के अनुभव से पूरी दुनिया टीबी से लड़ाई का नया तरीका सीखेगी।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कई संस्थानों के साथ मिलकर हाल ही में झारखंड में अध्ययन किया था, जिसमें पता चला कि सिर्फ दवाओं पर निर्भरता के बजाय यदि मरीजों को पौष्टिक आहार भी नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए, तो टीबी के मामलों और मौतों को उल्लेखनीय रूप से कम किया जा सकता है।यह शोध झारखंड के कई जिलों में किया गया, जहां टीबी के मामले राष्ट्रीय औसत से ज्यादा पाए जाते हैं। शोधकर्ताओं ने वहां टीबी मरीजों और उनके परिवारों को पोषण पैकेज उपलब्ध कराए। इनमें दाल, चावल, तेल और अंडे जैसे बुनियादी, लेकिन प्रोटीन और ऊर्जा से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल थे। मकसद, मरीजों को पर्याप्त कैलोरी और पोषण मिले, ताकि उनका शरीर संक्रमण से लड़ सके। अध्ययन में पाया कि जिनको पौष्टिक आहार मिला, उनमें बीमारी के दोबारा सक्रिय होने के मामले बेहद कम पाए गए। मौतों की संख्या में भी कमी दर्ज की गई। शोधकर्ताओं का मानना है, कुपोषण और टीबी का गहरा रिश्ता है। जब शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिलता तो प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है और बैक्टीरिया आसानी से सक्रिय हो जाते हैं।

### अध्ययन में मिले सबूतों को डब्ल्यूएचओ ने स्वीकारा

मेडिकल जर्नल द लैंसेट में प्रकाशित भारत का यह अध्ययन झारखंड के 10, 345 परिवारों पर हुआ, जिसमें करीब 2,800 टीबी संक्रमित मरीज थे। इन रोगियों को दवा संग पौष्टिक आहार दिया गया, जिससे सिर्फ दो महीने में पांच फीसदी वजन बढ़ने से टीबी की मौत का जोखिम 60% तक कम हुआ। परिजनों में टीबी होने की आशंका में 39% कमी दर्ज की गई। इसे देख डब्ल्यूएचओ ने भी टीबी का सामना कर रहे देशों को तत्काल दवाओं के साथ पौष्टिक आहार पर जोर देने के लिए नीति में संशोधन करने का फैसला किया। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा, खुशी है कि हमारी मेहनत का लाभ दुनिया के सभी देशों में टीबी मरीजों को जल्द से जल्द रिकवर होने में मिलेगा।

राज्यसभा में वोटर वेरिफिकेशन पर हंगामा

### किसानों के लिए यूरिया रिलीज की मांग को लेकर विपक्ष का प्रदर्शन, प्रियंका भी शामिल हुईं




**नई दिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा और राज्यसभा में वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी के आरोप पर मंगलवार को भी जमकर हंगामा हुआ। राज्यसभा की कार्यवाही बमुश्किल 5 मिनट ही चली। उधर, लोकसभा में भी ऐसे हालात रहे। यहां भी कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा और नारेबाजी की। सदन में नारेबाजी के बीच स्पीकर ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने की कोशिश की।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कुछ सवालों के जवाब भी दिए, लेकिन हंगामा नहीं रुका। आखिर में कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे और फिर दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई।

दोनों सदन में 2 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। लेकिन लोकसभा 4 बजे तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले सदन के बाहर तेलंगाना कांग्रेस के नेताओं ने राज्य में यूरिया की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसमें प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं।

### भारत की कूटनीति विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप होनी चाहिए : राष्ट्रपति



**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि भारत के कूटनीतिक प्रयास देश की घरेलू आवश्यकताओं और 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़े होने चाहिए। उन्होंने युवा अधिकारियों से आग्रह किया कि वे स्वयं को न केवल भारत के हितों के संरक्षक, बल्कि उसकी आत्मा के राजदूत के रूप में भी देखें। वह राष्ट्रपति भवन में भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रही थीं।



धराली में बने दलदल में 12 लोकेशन पर कई लाशें:

## मशीनें पहुंच नहीं सकतीं, हाथ से सिर्फ 2 घंटे खुदाई कर रहे रेस्क्यू टीम के जवान



**धराली,एजेंसी।** प्राकृतिक आपदा में तबाह हुए उत्तराखंड के धराली गांव में हालात बहुत मुश्किल हैं। यहां मलबे में जिंदगी की उम्मीदें टूटती जा रही हैं। हम रोज सुबह 6:30 बजे चार टीमों में बंटते हैं। हर टीम में 40-40 जवान। फिर मौसम का अपडेट लेते हैं। इसके बाद करीब 80 एकड़ में फैले मलबे में जिंदगी खोजना शुरू करते हैं।

हमने आपदाग्रस्त इलाके को 4 सेक्टर में बांटा है और रोज 8 से 10 जगह खुदाई करते हैं। बड़ी मशीनें नहीं हैं, इसलिए हाथों से खुदाई कर रहे। एक-दो घंटे ही काम कर पाते हैं और तेज बारिश होने लगती है। पूरा इलाका दलदल बन जाता है। इसके बाद कुछ भी करने लायक नहीं बचते। पिछले 14 दिन से यही रुटीन है।

हमें पता है कि मलबे में 12 से 13 लोकेशन पर 20 से 25 फीट नीचे कई लाशें दबी हैं, लेकिन मजबूर हैं। ऐसे मलबे को हटाने के लिए भारी अर्थ मूविंग मशीनों की जरूरत है, लेकिन धराली तक रास्ता नहीं होने के चलते मशीनें नहीं आ पा रहीं। हेलिकॉप्टर से इन्हें ला सकते हैं, लेकिन मौसम बिगड़ा हुआ है।

**तीन हजार की आबादी को मुश्किल से मिल रहा राशन :** त्रासदी में धराली के अलावा बगोरी, झाला, जसपुर, मुखबा, पुराली और सुखी गांव कटे हुए हैं। यहां की तीन हजार से ज्यादा की आबादी को मुश्किल से दूध, राशन मिल रहा है। गैस आपूर्ति भी बंद है। हेलिकॉप्टर एक बार में जितना सामान ले जाता है, एसडीआरएफ उनकी उतनी ही मदद कर पा रही है।

रविवार को मौसम खराब होने के चलते हेलिकॉप्टर एक बार भी उड़ान नहीं भर पाया। बाकी दिन भी एक या दो चक्कर ही लग पा रहे हैं। हमने वहां इंटरनेट और बिजली बहाल की है, एक वैकल्पिक सड़क बनाई थी, वो फिर टूट गई।

**हर्षिल में झील रुकी, इससे भागीरथी कटान कर रही :** हर्षिल के पूर्व प्रधान दिनेश रावत ने बताया कि खाने के लिए अभी 7-8 किलो चावल ही मिल रहा है। मसाले, नमक, तेल नहीं दे रहे। सिलेंडर और सूखी लकड़ी भी नहीं है। आसपास दो हेलिपैड हैं। हमने सुझाव दिया था कि राशन के पैकेट बांटिए, ताकि सबकुछ एक ही थैले में मिल जाए। हर्षिल में बनी नई झील का पानी भी रुका हुआ है। इसे तेजी से निकालेंगे तो भटवारी तक तबाही मच सकती है। इस वजह से भागीरथी नदी अब गांव में कटान करने लगी है।

**एक ही उम्मीद... कम से कम शव ही मिल जाएं :** धराली में 5 अगस्त को आपदा आई थी। 65 लापता हुए। उस वक्त 38 साल के मुकेश पंवार पत्नी विजेता और एक बेटे के साथ होटल में थे। दूसरा बेटा भाई खुशपाल के घर था। आपदा में होटल के साथ तीनों बह गए। खुशपाल ने बताया कि मैं मेले में था, इसलिए बच गया। जैसे ही आपदा का वीडियो आया, मैंने मुकेश को फोन लगाया।

# जरा याद करो उनकी कुर्बानी... जंगे ए आजादी 20 अगस्त 1942 को जयमंगल महतो की हुई थी शहादत




**कुलदीप महासेठ/अमनौर (सारण)।** 20अगस्त 1942 के दिन अमनौर के लाल जयमंगल महतो अपनी वीरता का परिचय देते हुए ब्रिटिश सिपाहियों से लडाई लडते हुए अपनी जान निछावर कर शहीद हो गये. उनकी शहादत को लेकर लोग बताते है कि अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन अगस्त क्रांति के दौरान 18 अगस्त 1942 को मढौरा स्थित महथा गाछी में सभा आयोजित की गई थी. जहाँ बहुरिया रामस्वरूपा देवी ने अपनी ओजस्वी भाषण दे रही थी उसी वक्त हथियारों से लैस ब्रिटिश फौज के सिपाहियों की टुकड़ी वहां पहुंच गई और सिपाहियों ने सभा पर हमला बोल दिया. अंधाधुंध गोलियों की बौछार शुरू कर दिया. भीड़ भागने लगी. बहुरिया रामस्वरूपा देवी ने भागती भीड़ को ललकारा. बहुरिया की ललकार सुन भागती भीड़ लौट आयी. देखत - देखते भीड़ अक्रामक होकर ब्रिटिश फौज की टुकड़ी पर ईंट पत्थर बरसाने लगे. ब्रिटिश फौज यह दृश्य देखकर भागने लगी. निहत्थी जनता ने पांच गोरे सिपाहियों को मौत के घाट उतार दिया. हालांकि इस दौरान एक नौजवान रामजीवन सिंह की शहादत हो गई. खुन के धब्बे को जमीन काटकर मिटाया गया. सभी मारे गए गोरे सिपाहियों को बैल गाड़ी पर लादकर अमनौर के परशुरामपुर स्थित नारायणी गंडक नदी में सभी शवों पर मिट्टी के बड़े - बड़े घड़े बांध कर उक्त नदी में प्रवाहित कर दिया गया. प्रकृति भीआंदोलनकारियों का साथ दिया. और उस रात जमकर बारिश हुई. हत्या के सारे साक्ष्य स्वतः मिट गए. इस सुचना के बाद ब्रिटिश फौज में हड़कंप मच गया. जिसका बदला लेने के लिए गोरे सिपाहियों की ढेर सारी टुकड़ियां अमनौर की तरफ बढने लगी. इधर इसकी जानकारी मिलते ही अमनौर के क्रांतिकारी लोगों ने गोरे सेना को रोकने के लिए रणनीति तैयार की. अमनौर मही नदी पर स्थित पुल को ध्वस्त कर दिया गया. ताकि वे लोगों को नदी पार न कर सके. 20 अगस्त 1942 को जब ब्रिटिश फौज मही नदी के उस पार पहुंच गए तो जयमंगल महतो ने अपनी वीरता का परिचय देते हुए। अन्य सहयोगियों के साथ गढ के उपर से धनुष-बाण से हमला बोल दिया. जिसमें कई गोरे सिपाही घायल हो गए. यह देख गोरे सिपाहियों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दिया. जहां गोलियां लगने के कारण जयमंगल महतो वहीं शहीद हो गए. हालांकि ब्रिटिश सिपाहियों को उनके साथियों की मौत की साक्ष्य लाख कोशिशों के बावजूद नहीं मिल सका . अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लडाई लडने को लेकर जहां एक ओर अमनौर स्टेट की बहुरिया विरंगना रामस्वरुपा देवी तथा शहीद जयमंगल महतो की वीरगाथा को याद कर यहां के अपने क्रांतिकारी धरती को नमन करते है ।

# तुमने दिया देश को जीवन, देश तुम्हें क्या देगा, बस अपनी उजास के लिए साल मे एक दिन नाम तुम्हारा लेगा

**केके श्रीवास्तव/मढ़ौरा/पटना।** मढ़ौरा प्रखंड के लेरुआ गांव के शहीद रामजीवन सिंह अमर है और हमेशा अमर रहेंगे। चाहे उनकी कोई स्मृति शेष बने या ना बने पर वो हमारे भूत, वर्तमान और भविष्य के दिलो में स्थान रखेंगे। वैसे उनकी स्मृति में मढ़ौरा की भलाई के लिए कुछ बन जाये तो वो सर्वोत्तम होगा और ना भी बने तो शहीद की प्रतिष्ठा और सम्मान पर कोई कमी नहीं होगी। क्योंकि देश के लिए शहादत एक ऐसी इबादत है जिसका कोई मूल्य नही। दुखद ये है कि मरहौरा का ये सपूत आसपास की गिजबीजाहट और सड़ांध के बीच अपने हिलते डुलते स्मारक के साथ जीवंत है और साल मे एक बार रोशनी की नजर पाता है।

18 वर्ष का रामजीवन जब लड़ा होगा गोरों से तो उसने सोचा न होगा कि मढ़ौरा मे उसके स्मारक की ये दुर्दशा होगी। या मरहौरा के लोग उसे भूलने की गति मे भी होंगे। जब उसने अपने गुरु रामलोचन की गोद मे प्राण त्याग होंगे उसे पता न होगा कि मढ़ौरा से गोरे साहब जाएँगे और मिश्रित रंगो के साहब क़ब्ज़ा जमा लेंगे और मिश्रित रंग के साहब लोग आजादी के उस उजास का अवमूल्यन करेंगे जिसका सपना देखते हुए ये वीर बाकूड़ा देश के लिए कुर्बान हुआ। राम का लोचन और राम का जीवन । गुरू शिष्य की अद्भुत जोड़ी। रामलोचन के लोचन ने जब राम जीवन के जीवन का महाप्रयाण देखा होगा तो उस महान गुरु ने भी नही सोचा होगा जिस धरा के लिए उसका शिष्य कुर्बान हो रहा वहाँ भविष्य मे ये समय आएगा जब दलालों चमचों से घिरा पूरा तंत्र लूट खसोट की गति मे गतिक होगा। जहाँ अमीरों के लिए 4000 रुपये में राशन कार्ड बनेगा। कमज़ोर और ग़रीब को ना पैसे होंगे ना राशन कार्ड बनेगा। गरीबों का हक मारा जायेगा और चाँदी के सिक्के की खनक इतनी तीव्र होगी की उसके शोर मे मजलूमों की आवाज दब जायेगी और समानता का सिद्धांत दम तोड़ता नजर आयेगा। रामलोचन के रामजीवन ने ये सोचा नही होगा कि किसी भी योजना को क्रियान्वित करने के लिए 30% तक का कमीशन साहब, बाबुओ से होते हुए नेताओं तक पहुँचानी होगी। शिक्षक वृंद पढ़ाने के समय खिचड़ी पकाने, खिलाने और बचे समय में उस खिचड़ी का हिसाब किताब लगाने में व्यस्त होंगे। पढ़ाई छोड़ बाकी सारे कार्य करेंगे किसी ऑफिस में बिना चढ़वा के कोई काम ना होगा। 100000 रुपया प्रति माह कमाने वाला व्यक्ति 300 रुपया प्रति दिन कमाने वाले व्यक्ति से घुस माँगेगा। नही सोचा होगा रामजीवन ने।

हॉस्पिटल में दवाई तो क्या जल्दी डॉक्टर भी नहीं होंगे। बाल विकास के तहत नवजात और नौनिहालों का पोषाहार खा जाया जायेगा। फ़ूड कारपोरेशन के गोदामो में बैठा बाबू ग़रीबो का अनाज खा जाएगा। थाने में बैठे वर्दी वाले सही को ग़लत और ग़लत को सही साबित कर देंगे। अपराध रोकने के बजाय अपराधों की फसल की देखभाल करेंगे। रस्सी को सांप बनाएंगे। स्थानीय स्तर के प्रशासन में बैठे लोग गरीबों का शौचालय और आवास खा जायेंगे।ऐसा न रामजीवन ने सोचा होगा और ना हि अपने शिष्य की अंतिम गति को भरे लोचन से देखने वाले रामलोचन ने सोचा होगा। और यही दोनों क्यों उस कालखंड के उन सभी लोगों ने भी ये नही सोचा होगा कि जिस धरती के लिए वो लड़ रहे है या अपना जीवन होम कर रहे है। वहाँ ऐसी भी सड़ांध होगी। सारा तंत्र दलालों के चंगुल मे होगा

रामजीवन ने ये भी नही सोचा होगा कि -- आम जन की लाइफ लाइन फैक्ट्रियां चोरों दलालों, भृष्ट प्रशांसन और बिचौलियों की कृपा से अपने सर्वनाश की गति प्राप्त कर चुकी होंगी।और तो और उसने ये भी नही सोचा होगा कि उसके नाम से लोग साल मे एक बार अपनी आंच तेज करेंगे और फिर भूल जायेंगे । उसके परिवार की सुध तक न लेंगे। उसका स्मारक सड़ांध के बीच खड़ा अपनी बदहाली के आंसू रो रहा होगा।असल में सच्ची श्रद्धांजलि इन विद्रूपताओं को दूर करने मे ही है। अन्यथा भ्रष्ट नेता, अफसर, बाबू जो विभिन्न जातियो जैसे जेनरल, ओबीसी ,दलित शूद्र से होंगे, सभी मिलकर शाहदत दिवस मनाने का कोरम पूरा करेंगे। झांकियाँ निकलती रहेंगी तब हम और आप सिर्फ़ शहीदो के स्मारकों का रोना रोते रहेंगे।उस कालखंड के मरहौरा तथा उसके आस पास के देशप्रेमी और अतुलित योद्धा --- क्या सबने ऐसी कल्पना की थी ? शिक्षा का अलख जगाने वाले महान गुरु रामलोचन..! आपने भी नही सोचा होगा कि जिस भूमि पर बैठकर आपने कुछ बच्चों के साथ मरहौरा मे शिक्षा का अलख जगाया उसी से चंद मीटर की दूरी पर आपके वीर शिष्य का स्मारक ही बेगानेपन का शिकार होगा, सालों भर गंदगी और कूडे से भरा रहेगा। बहुत से लोग उससे ठीक से परिचित नही नही होंगे, बस स्मारक सिर्फ एक दिन थोड़ा जगमगायेगा और विरानियों में खो जायेगा। ऐसे ही बहुत से उपेक्षित और गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी किसी न किसी कुचक्र के तहत या तो इतिहास के पन्नों मे गुमशुदा हो गए या फिर लोगो के दिल से भी। जरूरत है इनकी महत्ता को समझने की, इनके त्याग बलिदान और शौर्य गाथा को विस्तारित करने की,, और उनकी सोच को आत्मसात करने की। सच्ची श्रद्धांजलि यही है।

# सडक़ ढलाई में भारी अनियमितता, लोगों ने लगाया भारी भ्रष्टाचार का आरोप



**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** इसुआपुर स्थित एस एक 90 में से चलकर इसुआपुर गांव होते हुए मुड़वाँ एराजी तक जाने वाली सड़क का नवनिर्माण हो रहा है.मुख्यमंत्री सड़क उन्नयन योजना के तहत इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है.ऐसे में इसुआपुर के ग्रामीणों ने हो रहे कार्य मे घोर अनियमितता बरतने तथा मानक के अनुरूप कार्य नही करने का आरोप लगाया है.ग्रामीणों का कहना है कि ढलाई के नाम पर कोरम पूरा किया जा रहा है.इस सड़क को 5 इंच ढालना है लेकिन ढलाई सिर्फ दो ढाईतथा 3 इंच के बीच हो रहा है .सड़क निर्माण के लिये लगा बर्ड भी गलत है.इस बाबत सड़क बना रहे मजदूर रमेश राय ने बताया कि उन्हें 5 इंच सड़क डालने के लिए एस्टीमेट मिला है .लेकिन सिर्फ चार इंच ढालने के लिए कहा गया है .लेकिन लोगों का कहना है कि 3 दिन से ज्यादा की ढलाई कहीं नहीं हो रही है. वही प्रिज्म जैसे कम कीमत के सीमेंट को लगाया जा रहा है. लोगों का यह भी आरोप है कि जब लोगों ने अच्छा काम करने केलिये कहा तो कार्य कर रहे मजदूर झगड़ा तक करने के पर उतारू हो जा रहे हैं. जबकि कार्यस्थल पर उपस्थित ठेकेदार के मुंशी से हमने बात की तो उन्होंने कहा कि उन्होंने तो मजदूर को 5 इंच सड़क डालनेके लिये कहा है.तो ग्रामीणों ने कहा की इनके उपस्थिति में यहां 3 दिन इंच की ढलाई हो रही है. इस पर उन्होंने कहा कि सब मिस्त्री का दोष है .इस बाबत जब हमने इसुआपुर की वीडियो बीणा पाणी से बात की तो उन्हें कहा कि आपके द्वारा इस विषय पर हमको जानकारी मिली. मैं विभागीय अधिकारियों को फोन करके उन्हें कार्य स्थल पर भेज रही हूं.

# इसुआपुर में महावीरी मेला को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** इसुआपुर में 23 अगस्त को होने वाले झंडा मेला को लेकर शांति समिति की बैठक प्रखंड परिसर में संपन्न हुई .इस बैठक में सभी 15 अखाड़े के अध्यक्ष सम्मिलित हुए .उसके साथ ही जनप्रतिनिधियों के साथ साथ सैकड़ों स्थानीय गण्यमान लोग सम्मिलित हुए. बैठक में छपरा से आए यातायात डीएसपी संतोष कुमार पासवान ने बैठक को सम्बंधित करते हुये कहा कि हर साल की भाती इस साल भी आप लोग शांति के साथ मेले को संपन्न होने में सहयोग करेंगे. मेले में किसी तरह की परेशानी ना हो उसके लिए मैं रोड मैप तैयार कर दूंगा. जिस तरह की आपको सकता होगी वह मैं उपलब्ध कराऊंगा. वहीँ थाना अध्यक्ष कमल कुमार राम ने कहा कि मेले में किसी तरह की अप्रिय हरकत बर्दास्त नही किया जाएगा. सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर फूहर गाने या जातीय गाने को नहीं बजाना है. उन्होंने कहा कि मेले में पारंपरिक हथियार और डीजे पूरी तरफ से बंद रहेगा . बैठक में उपस्थित मुना सिंह ने मांग की की इस मेले को प्रमंडल स्तरीय पहचान मिलनी चाहिए.बैठक को अंचल अधिकारी सतीश कुमार सिंह ,वीडियो बीणा पाणी ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन प्रखंड के हेड क्लर्क केसरी सिंह ने किया. बैठक में मुखिया अजय राय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह अधिवक्ता, धनंजय कुमार साह ,महादेव साह,सरपंच संजय ओझा ,विजय सिंह, राजेश कुशवाहा ,अमरनाथ प्रसाद ,बद्री नारायण सिंह, रणवीर सिंह ,सत्रोहन चौरसिया ,मुन्ना सिंह, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, शारदानन्द सोनी, अरविंद सिंह, डॉक्टर जलेसर राय, जयप्रकाश महतो, ढोलन सिंह, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे.

# अब जयप्रकाश विश्वविद्यालय कैंपस में संचालित होगी होम साइंस पीजी डिपार्टमेंट

दैनिक खोज खबर/छपरा। जयप्रकाश विश्वविद्यालय होम साइंस पीजी डिपार्मेंट जयप्रकाश महिला महाविद्यालय से विश्वविद्यालय कैम्पस में स्थानांतरित किया गया. अब जयप्रकाश कैंपस में हीं होम साइंस पीजी डिपार्टमेंट संचालित होगी. मंगलवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय कैंपस में होम साइंस डिपार्टमेंट हेड के पद पर अंजू कुमारी ने पदभार ग्रहण किया. जयप्रकाश विश्वविद्यालय होम साइंस डिपार्टमेंट पदभार ग्रहण करने के बाद होम साइंस डिपार्टमेंट पीएचडी व पीजी की छात्राओं, शिक्षक-कर्मचारियों ने अपने विभागाध्यक्ष अंजू कुमारी का फूल माला, बूके व अंगवस्त्र देकर जबरदस्त स्वागत अभिनंदन किया. मौके पर होम साइंस डिपार्टमेंट रिसर्च स्कॉलर पूजा



## घर से 15 लीटर देशी शराब तथा शराब बनाने का सामान बरामद

**मांझी(सारण)।** मांझी थाना पुलिस ने मंगलवार को नगर पंचायत के चौबाह स्थान स्थित एक घर से 15 लीटर देशी शराब तथा शराब बनाने का सामान और 22.815 लीटर विदेशी शराब कुल 37.815 लीटर शराब बरामद किया हैं। थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया की गुप्त सुचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति अपने घर मे शराब बना तथा बेच रहा है। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। छापेमारी मे उक्त घर से शराब बनाने का सामान के साथ साथ 15 लीटर देशी तथा लगभग 22 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जबकि मौके का फायदा उठाकर तस्कर भागने मे सफल रहा। उक्त मामले मे प्राथमिकी दर्ज कर अग्रीम कारवाई की जा रही है ।

## विधायक के प्रयास से तीन नए नगर पंचायत बनने की है उम्मीद

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उपमुख्य सचेतक सह तरैया विधायक जनक सिंह के प्रयास से तरैया, इसुआपुर और पानापुर प्रखण्ड को नगर पंचायत का दर्जा मिलने की उम्मीद हैं। विधायक श्री सिंह द्वारा वर्ष 2021 में विधानसभा में इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया गया था। उन्होंने तीनों प्रखंडों को नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री के समक्ष नगर पंचायत गठन का प्रस्ताव रखा था। इसके अलावा उन्होंने जिला 20 सूत्री समिति की बैठक में भी यह मुद्दा उठाया था। जिसमें तरैया प्रखंड के तरैया पंचायत, पचभिंडा पंचायत और चैनपुर पंचायत के कुल 15 हजार से अधिक की आबादी को जोड़कर नगर पंचायत तरैया, एवं पानापुर प्रखंड के रसौली पंचायत, धेनुकी पंचायत के लगुनी गांव, और मुहम्मदपुर पंचायत के तुर्की व फकुली गांव, तथा भोरहा पंचायत के रामपुर खरौनी गांव तथा बकवा पंचायत के पानापुर गांव को शामिल कर नगर पंचायत पानापुर तथा इसुआपुर प्रखंड के इसुआपुर, आतानगर और डाटरा पंचायत के 15 हजार से अधिक आबादी को जोड़कर इसुआपुर नगर पंचायत बनाने की मांग की गई थी। विधायक श्री सिंह ने बताया कि बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम 2020 के तहत राज्य सरकार ने जिलाधिकारी से समीक्षा रिपोर्ट मांगी थी। जिसके आलोक में जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित प्रखण्ड के बीडीओं से नए नगर पंचायत के गठन के लिए प्रस्ताव की मांग की गई थी। विधायक जनक सिंह के अनुसार विधानसभा में तारांकित प्रश्न के बाद राज्य सरकार निर्णय लेती है। अब तरैया के साथ-साथ पानापुर और इसुआपुर प्रखंड के भी कुछ पंचायतों को नगर पंचायत का दर्जा मिलने की उम्मीद है। वहीं विधायक श्री सिंह ने कहा कि पुनः इस सम्बंध में जिलाधिकारी से मिलकर भेजे गए रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी तथा जरूरत के अनुसार संसोधन कर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजी जाएगी।

## गंडकी नदी में मवेशी नहलाने गये बुजुर्ग की पैर फिसलने से मौत

**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)।** प्रखंड के गंज मसूरिया निवासी जमादार राय अपनी भैंस को नहलाने के लिए गंडक नदी के सोता में नहला रहे थे ।नहलाने के दरम्यान भैस गहरे पानी मे घुस गई जिसको लेकर जमादार राय उसे पकड़ने के लिए गये जहाँ उनकी पाव फिसली गयी और गहरे सोता में डूबने से उनकी अकाल मृत्यु हो गई । इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने देखा कि गहरे पानी मे डूबे हुए है और उनकी मौत हो गई है ।इसकी जानकारी मकेर थाना को दी गयी फिर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया ।जमादार राय की उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जाती हैं । इसकी जानकारी होने पर मुखिया पति संजीत ,बीरेंद्र राय ,चंद्रिका राय डॉ राहुल पूरी ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया ।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है जबकि इस अकाल मृत्यु से ग्रामीण मर्माहत है ।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** परसा में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिन महिला पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसे देखने के लिये पुरुष व महिलाएं सैकड़ो की संख्या में पहुचे। प्राचार्य डा पुष्पराज गौतम वर्षर अनिल कुमार,प्रो संजय सिंह,विधायक प्रतिनिधि अखिलेश राय,अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव,वार्ड पार्षद सूरज तूफान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दंगल प्रतियोगिता में दिल्ली,गोरखपुर,पटना,गोपालगंज, बनारस,बक्सर से आये महिला व पुरुष पहलवानों ने एक से बढ़कर एक अपनी दाव के माध्यम से अपनी जीत हासिल करने की कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया । पुरुष पहलवानों में बिहार के पहलवान अमन तो महिला पहलवानो में बक्सर की रेयान ने बाजी मारी । दोनों विजेता पहलवानो को विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, पूर्व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शैलेन्द्र यादव,पंकज कुमार रंजीत कुमार,रघुवंश राय चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से फूलमाला व नगद राशि देकर पुरस्कृत किया ।

## वारंटी को भेजा गया जेल

**दैनिक खोज खबर/नागरा (सारण)।** प्रखंड के खैरा थाना कांड संख्या 223/20 का फरार चल रहा वारंटी को गिरफ्तार कर खैरा थाना पुलिस के द्वारा जेल भेज दिया गया। उक्त बातों की जानकारी देते हुए खैरा थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान ने बताया कि जगदीशपुर गांव निवासी जगन्नाथ राय का पुत्र प्रदीप राय वारंटी फरार चल रहा था गुप्त सूचना के आधार पर जगदीशपुर से उसको गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत, ड्राइवर फरार

### डुमरसन ढाला के पास हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरख प्रखंड के डुमरसन ढाला के पास सोमवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पानापुर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी 26 वर्षीय प्रिंस सिंह के रूप में हुई है। वह दो बच्चों का पिता और एक साधारण किसान था। घटना उस समय हुई जब प्रिंस सिंह अपनी बाइक से मशरख की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल युवक को मशरख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक की रफ्तार बेहद तेज थी और वह बेकाबू होकर चल रहा था। लोगों का अनुमान है कि चालक नशे में था। हादसे से कुछ ही क्षण पहले ट्रक की चपेट में आने से बचने के प्रयास में यात्रियों से भरी एक टोटो भी सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई, हालांकि उसमें सवार लोगों को कोई गंभीर चोट नहीं आई। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश में छापेमारी कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

# सीपीएम का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सह समर्थक सम्मेलन सम्पन्न



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखण्ड के कोपा चट्टी स्थित विधायक आवास के समीप मंगलवार को मांझी विधानसभा के सीपीएम का कार्यकर्ता सम्मलेन आयोजित किया गया। जिसमे हजारों कि तादाद में लोग शामिल हुए।इस सम्मेलन में केन्द्रीय टीम से कामरेड अशोक धावले, कमेटी के राज्य प्रभारी कामरेड अवधेश कुमार ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वोट चोरी हरगीज नहीं करने देंगे,इसके लिए हमनें प्रत्येक बूथ पर अपना बीएलए मजबूती से लगा कर रखा है।मतदाता पुनरीक्षण में जांच के सबसे पहले हमारी पार्टी ने ही मांग किया था।यह सरकार का तानाशाही रवैया हैं। यह सरकार चाहती हैं कि हम गरीब, दलित, अकलियत या किसी भी जाति से कमजोर लोगो को वोट देने से वंचित कर के वे फिर से सत्ता में वापस आ जाएं,अब हम सभी बिहार वासी मन बना चुके हैं इन सबको उखार फेंकेंगे। मांझी विधायक डॉ0 सत्येन्द्र यादव ने कहा कि हम जब से विधायक बने तब से तमाम गरीबों के लिए काम किए, पहले डीलरों द्वारा सड़ा चावल बांटा जा रहा था।सरकार द्वारा अडानी के सहयोग से जबरन बिजली का स्मार्टमीटर लगाया जा रहा था, जिसके लिए मैंने सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ के रोकवाया और सरकार को सबक सीखाने का काम किया। मौके पर अशोक धावले से पूछने पर उन्होंने बताया कि हर हाल में 2025 में भी मांझी से डा सत्येन्द्र को ही टिकट मिलेगा अफवाहों से बचें।सम्मेलन में विकास तिवारी,अरूण तिवारी, बटेश्वर कुशवाहा, फखरूद्दीन अली, महिला नेत्री संजू यादव, प्रवीण तिवारी, शैलेन्द्र साधु, श्रवण संदीप, रेवाड़ी मुखिया शिला यादव ,मुखिया,राजू साह,सतुआ पंचायत के मुखिया,भीम बहार यादव, पूर्व मुखिया दिनेश पंडित सहित हजारो लोग उपस्थित थें।

## आदित्य कुमार के परिजन मोटर बोट से सरयू नदी में दूसरे दिन भी खोजबीन में रहे व्यस्त

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** छपरा बलिया रेलखण्ड पर स्थित मांझी रेलपुल से सोमवार को बरेजा निवासी अरुण कुशवाहा के पुत्र आदित्य कुमार के उफनाती सरयु में छलांग लगाने की आशंका घटना के दूसरे भी लोगों की जेहन में तैरती रही। मंगलवार को मोटर बोट से सरयु नदी के रास्ते मांझी से छपरा शहर के सामने तथा नदी के उसपर सिताब दियारा तक शव की खोजबीन में परिजन ब्यस्त रहे पर शव का कहीं कोई अता पता नही चला। शव बरामद नही हो पाने की वजह से परिजन समेत गांव के कई अन्य लोग दिनभर परेशान रहे। परिजनों ने बताया कि घटना के दूसरे दिन एसडीआरएफ का सहयोग उन्हें नही मिला। उधर सोमवार की सुबह से लापता आदित्य के मोबाइल के ईएमआई को खंगालने के बाद पता चला कि उसके मोबाइल में दो दो सिम संचालित हो रहे थे जबकि परिजनों को सिर्फ एक ही नम्बर के संचालित होने की जानकारी थी। पुलिस ने दूसरे व गुप्त नम्बर के कॉल डिटेल्स की जांच के लिए भेज दिया है। जांच के बाद ही घटना की सच्चाई का पता लग पायेगा। मंगलवार की देर शाम तक शव बरामद नही होने के बाद पुलिस व परिजन इस घटना के एक दूसरे पहलू की कथित नाटकीयता पर गहनता पूर्वक पड़ताल में जुट गए हैं।

## छपरा-मशरक होकर चल रही 05193/05194 छपरा शहीद कैप्टन तुषार महाजन साप्ताहिक एक्सप्रेस का फेरा बढ़ा

**दैनिक खोज खबर /मशरक (सारण)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 05193/05194 छपरा-शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर)-छपरा वाया गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 28 अगस्त से 15 सितम्बर दिन सोमवार को तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) से 27 अगस्त से 17 सितम्बर दिन बुधवार को 04 अतिरिक्त फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05193 छपरा-शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) साप्ताहिक विशेष गाड़ी 25 अगस्त,01 ,08 एवं 15 सितम्बर, 2025 को छपरा से 14.00 बजे प्रस्थान कर छपरा कचहरी से 14.12 बजे, मशरख से 15.02 बजे, दिघवा दुबौली से 15.34 बजे, थावे से 17.05 बजे, तमकुही रोड से 17.37 बजे, पडरौना से 18.10 बजे, कप्तानगंज से 19.35 बजे, गोरखपुर से 20.55 बजे, खलीलाबाद से 21.31 बजे, बस्ती से 21.59 बजे, गोंडा से 23.25 बजे, दूसरे दिन बुढ़वल से 01.18 बजे, सीतापुर से 03.10 बजे, शाहजहाँपुर 06.06 बजे, बरेली से 07.14 बजे, मुरादाबाद से 08.47 बजे, लक्सर जं. से 10.47 बजे, रूड़की से 11.09 बजे, सहारनपुर से 12.25 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 12.57 बजे, अम्बाला कैंट से 14.20 बजे, ढंडारी कलां से 15.56 बजे, जलंधर कैंट से 17.05 बजे, पठानकोट कैंट से 19.10 बजे, कठुआ से 19.50 बजे तथा जम्मूतवी से 21.00 बजे छूटकर शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) 23.05 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में, 05194 शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर)-छपरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी 27 अगस्त,03,10 एवं 17 सितम्बर,2025 को शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) से 00.10 बजे प्रस्थान कर जम्मूतवी से 01.20 बजे, कठुआ से 02.22 बजे, पठानकोट कैंट से 03.10 बजे, जलंधर कैंट से 05.00 बजे, ढंडारी कलां से 06.10 बजे, अम्बाला कैंट से 08.25 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 09.20 बजे, सहारनपुर से 10.50 बजे, रूड़की से 11.27 बजे, लक्सर जं. से 12.07 बजे, मुरादाबाद से 14.30 बजे, बरेली से 16.02 बजे, शाहजहाँपुर 16.58 बजे, सीतापुर से 19.10 बजे, बुढ़वल से 21.17 बजे, गोंडा से 22.20 बजे, बस्ती से 23.50 बजे, दूसरे दिन खलीलाबाद से 00.27 बजे, गोरखपुर से 01.20 बजे, कप्तानगंज से 02.17 बजे, पडरौना से 02.57 बजे, तमकुही रोड से 03.32 बजे, थावे से 04.45 बजे, दिघवा दुबौली से 05.42 बजे, मशरख से 06.15 बजे तथा छपरा कचहरी से 07.20 बजे छूटकर छपरा 08.00 बजे पहुँचेगी।

# तरैया में शुरू हुआ भारत स्काउट और गाइड का प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर



**दैनिक खोज खबर/तरैया(सारण)।** नेशनल एकेडमी तरैया में भारत स्काउट और गाइड का प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर बड़े उत्साह के साथ आरंभ हुआ।पाँच दिनों तक चलने वाले इस शिविर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना की शिक्षा दी जाएगी। शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के निर्देशक पवन शर्मा एवम प्राचार्य बलराम शाह उपस्थित रहे। अपने संबोधन में निर्देशक पवन शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है तथा यह उनमें अनुशासन, सहयोग और समाज सेवा की सच्ची भावना का निर्माण करती है। प्रशिक्षण में स्काउट गाइड के नियम-प्रतिज्ञा,ध्वज विधि,गांठ बांधने की कला, प्राथमिक उपचार,मानचित्र पठन एवं दैनिक जीवन में सेवा कार्यों के महत्व पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।प्रशिक्षण की जिम्मेदारी प्रशिक्षक संजीव कुमार,सोनू कनौजिया,रीतिका सिंह एवं सोनू कुमार निभा रहे हैं।उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य सोनू सिंह, शैक्षणिक समन्वयक मनजीत सिंह,शिक्षक अनूप कुमार, रोहित गुप्ता, सुष्मिता सिंह,विवेक सिंह, प्रियंका गुप्ता सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी मौजूद रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्र सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना है।

# एनएच 227 ए रामजानकी पथ निर्माण में जमीन व मुआवजा बन रही रोड़ा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सारण जिले के लिए एन एच 227 ए रामजानकी पथ एक महत्वपूर्ण सड़क परियोजना है जो कई तरह से लाभप्रद होगी। यह परियोजना सारण को अयोध्या और जनकपुर से जोड़ेगी। साथ ही इससे धार्मिक स्थलों की यात्रा आसान हो जाएगी। ससमय इस पथ के निर्माण से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र में विकास की गति बढ़ेगी। इसका फायदा जिले में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से मिलेगी। लेकिन यह महत्वपूर्ण परियोजना मुआवजा और जमीन अधिग्रहण को लेकर अधर में लटकी हुई। हालांकि, इसके निर्माण में आने वाली अड़चनों को दूर करने को लेकर सारण डीएम अमन समीर खुद तत्पर दिख रहे हैं और लगातार इलाके के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश दे रहें हैं। मंगलवार को बंसोही में ग्रामीणों ने मुवाअजा भुगतान नहीं होने वहीं भुगतान प्रकिया में धांधली को लेकर कार्यस्थल पर पहुंच विरोध जताया। मौके पर स्थानीय थाना पुलिस और निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारी पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया बुझाया। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी उनको हुई है उनके द्वारा इसकी जांच पड़ताल की जांच पड़ताल की जा रही है कुछ मामूली अड़चनें सामने आई है वह भी दूर कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुआवजा को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों से बातचीत कर हल निकालने की जरूरत है। ताकि समस्या का समाधान निकाला जा सके। रामजानकी पथ निर्माण होने से जिले को ये होगा लाभ रामजानकी पथ के निर्माण से सारण से अयोध्या और जनकपुर तक धार्मिक यात्रा करना आसान हो जाएगा। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और सारण में भी पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि होगी। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। सड़क निर्माण से रोजगार के अवसर पैदा होंगे और इससे संबंधित व्यवसाय भी बढ़ेंगे। वहीं आसपास के क्षेत्रों में विकास की गति बढ़ेगी। सड़क के आसपास बुनियादी ढांचे का विकास होगा, जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। जल्द निर्माण से सारण और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन में सुधार होगा। इससे लोगों को यात्रा करने में समय और पैसा दोनों की बचत होगी। इस पथ से अयोध्या और जनकपुर के बीच का धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत होगा। यह दोनों शहरों के लोगों के बीच आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देगा।


## शिव मंदिर परिसर में घेराबंदी जमीन विवाद के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीण, सड़क जाम



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डुमरसन मेला अवस्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर के समीप छठ स्थल पर बने छठ सिरसोपता व घाट, पोखर की भूमि को दखल कब्जा करने के खिलाफ ग्रामीण मंगलवार को एकजुट हो गए और आक्रोशित हो मुख्य सड़क एन एच 227 ए राम जानकी पथ घंटो जाम कर दिया। मौके पर सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष रणधीर कुमार दल बल के साथ पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर आवागमन चालू कराया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शिव मंदिर समेत अन्य जमीन विवादित हैं। जिस पर विशाल पोखरा, छठ सिरसोपता बना हुआ है जिस पर उच्च न्यायालय पटना में मामला चल रहा था। एक पक्ष के द्वारा उच्च न्यायालय पटना के आदेश के आलोक में अपनी भूमी बता घेराबंदी कर दखल करना चाहतें हैं और गांव वालें उक्त भूमी पर मंदिर,पोखर और छठ सिरसोपता बने होने के कारण विरोध कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर मढ़ौरा एसडीओ, डीएसपी अमरनाथ भी घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल कर रहें हैं। मंदिर और पोखरें की जमीन की घेराबंदी करने को लेकर इलाके में तनाव बना हुआ है।

## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

**दैनिक खोज खबर/रिविलगंज(सारण)।** मंगलवार को विधायक डॉ. सी एन गुप्ता ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रिविलगंज प्रखंड क्षेत्र के विजय राय टोला में ह॥-19 से कुरई छपरा तक सड़क निर्माण कार्य, टेकनिवास से सरैंधा तक सड़क निर्माण कार्य एवं नवादा में पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में विधायक ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर शिलान्यास किया।इस दौरान विधायक के साथ सांसद प्रतिनिधि सतेन्द्र कुमार सिंह, सारण चंपारण के क्षेत्रीय प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष, अशोक सिंह, रमेश सिंह, प्रमुख डॉ राहुल राज, रिविलगंज प्रखंड 20 सूत्री के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान, गामा सिंह, संजय वारसी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामाकांत सिंह सोलंकी, राजकुमार तिवारी, मुखिया अजित सिंह, प्रियकांत कुशवाहा, संवेदक राज भूषण सिंह, राकेश सिंह, शत्रुध्न प्रसाद, जिला प्रवक्ता मदन कुमार सिंह, बीडीसी मनोज सिंह,सरपंच अजितेश पांडेय,मनोज त्रिपाठी , अंजली सिंह,राज कुमारी देवी, अखिलेश्वर सिंह, रंजीत तिवारी, गुड्डू तिवारी, सूधीर सिंह वार्ड पार्षद चीकू सिंह, अनुरजन प्रसाद, मनोज सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



## शराब तस्कर गिरफ्तार

**रघुनाथपुर (सिवान)।** थाना की गश्त दल ने मंगलवार की सुबह गभीरार गांव में छापेमारी कर 125 लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर चंदन मांझी को आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया है।

## तीन बच्चों संग पुत्र वधू के लापता होने से स्वजन चिंतित

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक महिला अपने तीन बच्चों संग रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। घटना 25 जुलाई की सुबह करीब चार बजे की बताई जा रही है। इस मामले में महिला को ससुर ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि उनकी पुत्रवधू 25 जुलाई की सुबह बिना बताए अपने तीन बच्चों के साथ कहीं चली गई है। सुबह घर में जब खोजबीन की गई तो उसका कोई पता नहीं चला। इसकी सूचना अपने पुत्र को भी दी। सूचना मिलते ही पुत्र भी अन्य शहर से घर पहुंचा। स्वजनों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद पुत्रवधू व बच्चों का पता नहीं चला। उसका मोबाइल नंबर भी लगातार बंद बता रहा है। इस मामले की पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं जैसे-जैसे दिन बीत रहा है स्वजनों को अनहोनी की घटना को लेकर चिंतित बढ़ती जा रही है।

## राजस्व महाअभियान को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में राजस्व महाअभियान को लेकर जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अभियान के तहत कर्मियों द्वारा लोगों के बीच प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है और राजस्व महाअभियान से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी जा रही है। राजस्व महाअभियान का उद्देश्य जमीनों के रिकार्ड को अद्यतन करना, जमीनों के विवादों का निपटारा करना और लोगों को उनकी जमीनों के अधिकार दिलाना है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को अपनी जमीनों के अधिकार मिलेंगे और जमीन से जुड़ी समस्याओं का समाधान होगा। कर्मियों द्वारा लोगों को बताया जा रहा है कि राजस्व महाअभियान से उन्हें अपनी जमीनों के रिकार्ड को अद्यतन करने और जमीनों के विवादों का निपटारा करने में मदद मिलेगी। इससे लोगों को अपनी जमीनों के अधिकारों के बारे में जानकारी मिलेगी और वे अपने अधिकारों का प्रयोग करने में सक्षम होंगे।

## बुजुर्ग की हत्या मामले में छह हत्यारोपित एक महीने बाद भी पुलिस पकड़ से दूर

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिंगारपट्टी गांव में 16 जुलाई की रात भूमि विवाद में गांव के ही सुरेश साह (65) की सिर में चाकू गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के पुत्र रंजन कुमार गुप्ता ने चार पड़ोसियों पर हत्या करने एवं तीन लोगों पर हत्या की साजिश रचने की प्राथमिकी कराई थी। इस मामले में पुलिए एक आरोपित मोहित साह को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं अन्य आरोपित फरार बताए जाते हैं। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि इस मामले में अन्य फरार चल रहे छह आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।ज्ञात हो कि सुरेश साह 16 जुलाई की रात भोजन कर अपने नवनिर्मित मकान के समीप विवादित जमीन पर प्लास्टिक की टेंट में सोए थे। 17 जुलाई की सुबह उनकी पत्नी धुरपति देवी चाय पीने के लिए बुलाने गई तो देखा कि सुरेश साह बिस्तर पर नहीं है, बल्कि टेंट के पीछे गड्ढे में औंधे मुंह उनका शव पड़ा हुआ है। इसे देख वह चीखने चिल्लाने लगी। उनकी चिल्लाने पर अन्य स्वजन पहुंचे तो देखा कि उनके सिर में कई चाकू के निशान थे तथा उनकी मृत्यु हो चुकी थी। इस मामले में सुरेश साह के पुत्र रंजन कुमार गुप्ता ने पड़ोसी लालजी साह, सत्येंद्र साह, मुकेश साह, मोहित साह, सुनील साह, श्यामलाल साह एवं विक्रमा साह के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी।

## प्रशिक्षण केंद्र का एसपी ने किया निरीक्षण

**सिवान।** सिवान पुलिस केंद्र के बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों की ट्रेनिंग और परेड का निरीक्षण करने मंगलवार को एसपी मनोज कुमार तिवारी पहुंचे। इसमें उन्होंने प्रशिक्षु सिपाहियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने प्रशिक्षु सिपाहियों के रहने, खाने और दैनिक आवश्यकताओं से जुड़ी सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बताया कि प्रशिक्षु सिपाही के पीटी परेड में प्राप्त त्रुटियों के सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने जवानों को बताया कि परेड सिपाहियों की शारीरिक व मानसिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। परेड का उद्देश्य सिपाहियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखना है, ताकि वे अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से कर सकें। यह परेड पुलिस विभाग में अनुशासन और एकरूपता को बढ़ावा देने में भी मदद करती है। उन्होंने जवानों को बताया कि ट्रेनिंग के दौरान और परेड में एक वर्दीधारी जवान केवल सावधान विश्राम कि परेड करना नहीं सीखते हैं बल्कि उन्हें कैसे वर्दी पहनना है कैसे चलना है और कैसे बात करना है यह सब बनाया जाता है।

## गंगौली गोलीकांड में घायल के बयान पर दो लोगों पर नामजद प्राथमिकी

सिवान। जीरादेई थाना क्षेत्र गंगौली गोलीकांड में घायल के बयान पर पुलिस ने दो लोगों पर प्राथमिकी कर गिरफ्तारी के लिए छापेमार शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार इस घटना में घायल शशिभूषण मिश्रा ने वीरेंद्र मिश्रा के पुत्र अनमोल मिश्रा व अभय मिश्रा उर्फ मास्टर पर प्राथमिकी कराई है। पूर्व के विवाद में गोली चलने की बात सामने आ रही है। घायल ने पुलिस को बताया है कि सोमवार की देर रात्रि गांव के दुर्गा मंदिर के समीप टहल रहा था, तब तक एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति आए और जान से मारने की नीयत से गोली चलाने लगे। गोली मेरे हाथ में लग गई। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार की देर शाम गंगौली गांव के एक व्यक्ति को गोली लगी है। व्यक्ति की पहचान गांव के ही शशि भूषण मिश्रा के रूप में हुई है। शशि भूषण मिश्रा ने थाने में आवेदन देकर दो लोगो को नामजद किया है। प्राथमिकी कर नामजदों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। दोनों आरोपित अपना घर छोड़ कर फरार हैं।

## अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

सिवान। लकड़ीनवीगंज थाना क्षेत्र के उज्जैना गांव के समीप सोमवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बसंतपुर थाना क्षेत्र के बेलथरा गांव निवासी बजरंगी कुमार राम के रूप में हुई है। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि बजरंगी बाइक से अपने बुआ को लेकर घर जा रहा था तभी उज्जैना गांव के समीप अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। जिससे वह घायल हो गया , उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। घटना के बाद स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बता दें कि मृत बजरंगी छह भाइयों में पांचवां था, जो परिवार के पालन पोषण के लिए मजदूरी का काम करता था। नवंबर में उसकी शादी होने वाली थी।

# रोगी हितधारक मंच (पीएसपी) की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हसनपुरा सीएचसी में आयोजित



**दैनिक खोज खबर/सिवान।** रोगी हितधारक मंच न केवल स्वास्थ्य प्रणाली का एक सशक्त स्तंभ बनकर उभरा है, बल्कि यह मंच समुदाय और स्वास्थ्य विभाग के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य कर रहा है। लिहाज़ा यह कहना उचित होगा कि फाइलेरिया मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उक्त बातें जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश लाल ने जिले के हसनपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च द्वारा आयोजित राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत रोगी हितधारक मंच (पीएसपी) की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने यह भी कहा कि बरसात के बाद भी वेक्टर जनित रोगों के बढ़ने की संभावनाएं बनी रहतीं है, इसलिए मलेरिया, डेंगू व अन्य वेक्टर रोगों के बारे में लोगों क़ो जागरूक किया जाना बेहद जरूरी है। पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म का मूल उद्देश्य स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर समुदाय के साथ नियमित रूप से संवाद स्थापित करना है, ताकि ग्रामीणों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाई जा सके। महीने में एक बार बैठक के माध्यम से सीएचओ द्वारा समुदाय से प्राप्त समस्याओं को चिन्हित कर उसका निदान करना होगा।हसनपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने पेशेंट स्टेक होल्डर सदस्यों के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की परिकल्पना को पूर्ण रूप से साकार करने में रोगी हितधारक मंच (पीएसपी) के सदस्यों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि पेशेंट स्टेट होल्डर के सदस्य विगत फरवरी महीने में आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान ÷संदेश वाहक÷ की भूमिका निभा चुके हैं। जिसका नतीजा यह हुआ कि शत प्रतिशत दवा सेवन कराया गया है। स्थानीय हसनपुरा प्रखंड के गायघाट, पियाउर, सहूली, लहेजी और बसंत नगर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आम) पर रोग हितधारक मंच (पीएसपी) का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक से यह स्पष्ट होता है कि रोगी हितधारक मंच न केवल स्वास्थ्य प्रणाली का एक सशक्त स्तंभ बनकर उभरा है, बल्कि यह मंच समुदाय और स्वास्थ्य विभाग के बीच एक मजबूत पुल की तरह कार्य कर रहा है।

## तरवारा बाजार : सड़क दुर्घटना में सब्जी व्यवसायी की मौत, स्वजनों में मचा कोहराम



**परवेज अख्तर/सीवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के तरवारा बाजार के समीप एनएच 227 ए पर सोमवार की रात सड़क दुर्घटना में एक सब्जी व्यवसायी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की सुबह युवक का शव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पहचान मोरा खास निवासी सरपंच हरिकिशोर महतो का पुत्र नीरज महतो (22) के रूप में हुई है। स्वजनों के अनुसार नीरज महतो छपरा किसी कालेज में स्नातक द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह पढ़ाई के साथ सब्जी का थोक व्यवसाय करता था। वह उत्तर प्रदेश के देवरिया, गोरखपुर से सब्जी लेकर लकड़ी नबीगंज प्रखंड क्षेत्र के लखनौरा बाजार तथा सारण के जनता बाजार में सब्जी की आपूर्ति थोक भाव से खुदरा विक्रेताओं के बीच करता था। वह सोमवार की देर शाम बोलेरो पिकअप से उत्तर प्रदेश से सब्जी लेकर गांव लौट रहा था तभी तरवारा बाजार के समीप सड़क के किनारे बांस-बल्ली से लदा एक ट्रैक्टर खड़ा था, उसमें सब्जी लदा बोलेरो पिकअप जा टकराया। इस दौरान ट्रैक्टर पर लदा बांस पिकअप का शीशा तोड़ते हुए पिकअप में बैठे नीरज महतो के सीने में घुस गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।स्वजनों के रोने से माहौल हुआ गमगीनथाना क्षेत्र के मोरा खास में मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की सुबह जैसे ही नीरज महतो का शव पहुंचा स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। वहीं काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। मां गायत्री देवी समेत अन्य स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। नीरज दो भाई एवं दो बहन था। वह सबसे छोटा था। बड़ा भाई पप्पू महतो एवं बहन रानी देवी एवं सती देवी की शादी हो चुकी है। नीरज घर का कमाऊ सदस्य था। पिता हरिकिशोर महतो अपना उपचार कराने के लिए सोमवार को कोलकाता पहुंचे हुए थे। उनसे संपर्क करने पर बताया कि वे कोलकाता से लौट रहे हैं।

## बसंतपुर : युवक की गला रेतकर हत्या, साक्ष्य मिटाने को शव को जलाने का किया प्रयास

**परवेज अख्तर/सीवान।** सिवान के बसंतपुर थाना क्षेत्र के खोरीपाकड़ नहर पर मंगलवार की सुबह एक युवक का गला रेता शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। मृत युवक का शव भी काफी हद तक जल गया था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मलमलिया निवासी रवींद्र सिंह के पुत्र पियूष कुमार (19) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद बदमाशों ने साक्ष्य मिटाने को शव जलाने का प्रयास किया, लेकिन पकड़े जाने के डर से शव को छोड़कर फरार हो गए। शव पर कई जख्म के निशान थे और शव काफी हद तक जल गया था। वहीं घटनास्थल पर घास भी जले थे, ऐसा प्रतीत हो रहा था कि किसी ज्वलनशील पदार्थ से शव को जलाने का प्रयास किया गया है। मामले में पुलिस ने मृत पियूष के चार दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह ग्रामीण खोरीपाकड़ स्थित नहर के पगडंडी की ओर गए थे। तभी एक युवक का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना अन्य ग्रामीणों को दी। शव मिलने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। मृत पियूष के चचेरे भाई अरुण कुमार ने बताया कि सोमवार की शाम हम सभी घर पर बैठकर चाय पी रहे थे। अचानक उसके मोबाइल पर दोस्तों का काल आया। हमलोगों को वो घर से कहकर निकाला कि मैं बहुत दिनों बाद गांव आया हूं। इस वजह से मेरे दोस्त पार्टी के लिए मुझे बुला रहे हैं, मैं रात तक घर आ जाऊंगा। रात 11 बजे तक जब भाई घर नहीं आया तो हमलोगों को चिंता होने लगी। गांव में उसे ढूंढना शुरू किया, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। उसके दोस्त भी गायब थे। मंगलवार की सुबह उसका शव मिला।एसपी के निर्देश पर एएफएसएल की टीम व डाग स्क्वाड ने घटना स्थल पर पहुंचाकर जांच की। इस दौरान टीम कई साक्ष्य जुटाकर बदमाशों की पहचान करने में जुटी हुई है। वहीं पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। हालांकि पुलिस ने चार दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी।

## सीवान : 24 को मनाया जाएगा बाबा गणिनाथ का जन्मदिवस

**परवेज अख्तर/सीवान।** कानू समाज के कुल देवता बाबा गणिनाथ महाराज के जन्मदिवस समारोह का आयोजन 24 अगस्त को शहर के गोपालगंज मोड़ स्थित टाउन हाल के सभागार में किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर मंगलवार को बैठक की गई। पूजा समिति के अध्यक्ष राजेश प्रसाद ने बताया कि बाबा गणिनाथ की पूजन सुबह आठ बजे से शुरू कर दी जाएगी, वहीं महाप्रसाद वितरण नौ बजे से शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। इसमें लखनऊ का शिवालया म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। वही पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष सह वर्तमान संयोजक पत्रकार कैलाश कश्यप ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बाबा की जयंती के मौके पर शहर, महाराजगंज, मैरवा, बसंतपुर, भगवानपुर, आंदर इसके साथ ही जिले और सुदूर ग्रामीण इलाकों से हजारों की तादाद में महिलाएं और पुरुष बढ़ चढ़ कर गणिनाथ बाबा की जयंती समारोह में शामिल होते हैं। यह परंपरा पिछले कई वर्षों से शिवजी बाबू प्रधान और विद्या विनोद के द्वारा कराया जाता रहा है। बाबा के गणिनाथ जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर परिषद की सभापति सेम्पी गुप्ता, महाराजगंज नगर पंचायत की सभापति शारदा देवी और बसंतपुर नगर पंचायत के सभापति अमित कुमार गुप्ता शामिल होंगे। इस पूजा में जो भी मुख्य अतिथि आएंगे उनका स्वागत जिला बीस सूत्री सदस्य सोनी देवेंद्र गुप्ता, पूर्व वार्ड पार्षद सन्नी कुमार, अर्जुन गुप्ता करेंगे। वही इस पूजा को वृहद रूप से संपन्न कराने के लिए शहर में कई जगहों पर बाबा गणिनाथ का फोटो लगाकर तोरण द्वार भी बनाया जाएगा। मीडिया प्रभारी आशीष कुमार (गोलू), सक्रिय सदस्य अंकित कुमार, आदित्य कुमार, राहुल कुमार ने बताया कि किसी भी भक्तों को कठिनाई न हो इसके लिए युवा वोलेंटियर्स को समुचित व्यवस्था की गई है।

## उत्पाद विभाग : शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

**परवेज अख्तर/सीवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने मंगलवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मैरवा थाना क्षेत्र के स्याहीपुल चेकपोस्ट से शराब बरामद कर दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि स्याहीपुल होते हुए एक कार से शराब आ रही है। सूचना पर सअनि मंटू कुमार दास ने जांच शुरू की। जांच के दौरान एक कार आती दिखी। जिसे रोकने का प्रयास किया गया लेकिन चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। जिसे पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया। जांच के दौरान 356.250 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। वहीं दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार रोहतक जिला के लखन माजरा थाना क्षेत्र के हुगौड़ी निवासी संजय व अलीगढ़ जिला के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के अलीगढ़ निवासी योगेंद्र राजपुत है।

## पीएम पोषण योजना के तहत रसोइयों को दिया गया प्रशिक्षण

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र परिसर में मंगलवार को पीएम पोषण योजना (पूर्व में मिड-डे मील योजना) के तहत चार पंचायतों के रसोइयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में बालबंगरा, मड़सरा, हड़सर एवं कौथुआ सारंगपुर पंचायत के रसोइया शामिल हुए। इस संबंध में एमडीएम प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य रसोइयों को योजना से संबंधित दिशा-निर्देशों की जानकारी देना और भोजन की गुणवत्ता, सुरक्षा व स्वच्छता सुनिश्चित करना था।

## भाजपा युवा मोर्चा पूर्वी के जिला के संगठन का विस्तार

महाराजगंज (सिवान)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, भारतीय जनता युवा मोर्चा बिहार प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया एवं सिवान पूर्वी जिलाध्यक्ष मनीष सिंह की सहमति से भाजपा युवा मोर्चा पूर्वी जिला के संगठन का विस्तार किया गया। युवा मोर्चा के पूर्वी जिलाध्यक्ष मनीष सिंह ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर विकास कुमार सिंह, प्रिंस कुमार, राहुल रंजन उर्फ टारजन, राहुल कुमार सिंह, महामंत्री विकास कुमार, शैलेंद्र कुमार यादव, नागेंद्र कुमार पंडित, मंत्री अंकित उपाध्याय, मानवेंद्र कुमार, अवधेश कुमार सिंह, सोनू गुप्ता, संयोग राम का चयन किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर डा. संतोष कुमार को मनोनीत किया गया। प्रवक्ता विद्याभूषण मिश्रा, मृत्युंजय कुमार मिश्रा, शशिकांत कुमार, राहुल कुमार, श्रीनिवास सिंह, युवती प्रमुख नेहा कुमारी, प्रिया कुमारी, कार्यालय मंत्री कमलेश चौरसिया, सह कार्यालय मंत्री दीपू कुमार, मीडिया प्रभारी कुश ब्याहुत, आइटी सेल सह संयोजक अरुण कुमार साह, सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु कुमार कुशवाहा, सोशल मीडिया प्रभारी कमलेश चौरसिया, लीगल सेल संयोजक आयुष वरूण, स्टडी सेल संयोजक अजीत कुमार पांडेय, कमल क्लब संयोजक रिषभ राज, जिला कार्य समिति सदस्य अभिषेक कुमार पटेल, अमित कुमार, आर्यन कुमार, चुन्नू पांडेय, आलोक कुमार, बीरेश पाठक, अनंत किशोर, मंजीत कुमार, अभिषेक कुमार साह, राजू कुमार यादव, सोनालाल कुमार, दीपक कुमार को निर्वाचित किया गया।

## सड़क दुर्घटना व्यक्ति घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिसवन- मांझी मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान सारण के भलुआ निवासी मदन साह के पुत्र अनिल कुमार के रूप में हुई है।

